प्रेस नोट

तीर्थ यात्रा योजना में भरे गये आवेदन पत्रों की लॉटरी दिनांक 26.9.2017 को तथा वी0 सी0 25.9.2017 को

दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 2017 के अन्तर्गत तीर्थ यात्रा हेतु ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्रों की लॉटरी सभी जिला कलक्टर्स द्वारा निकाली जायेगी। यह लॉटरी संबंधित जिलों में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DOIT) के कलेक्ट्रेट स्थित केन्द्र में प्रातः 11 बजे निकाली जायेगी। इस सन्दर्भ में दिनांक 25.9.2017 को अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे के मध्य वीडियो कॉन्फेन्सिंग रखी गयी है जिसमें शासन सचिव देवस्थान डॉ0 कृष्णा कान्त पाठक के निर्देशन में लॉटरी का डेमो दिया जायेगा।

लॉटरी के समय राज्य के सभी 33 जिला कलक्टर्स के समक्ष संबंधित मुख्य निष्पादन अधिकारी जिला परिषद एवं देवस्थान विभाग के अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहेंगे। देवस्थान विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची आयुक्त देवस्थान विभाग द्वारा जारी कर दी गयी है। उक्त अधिकारी/कार्मिक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के समय भी संबंधित कलक्टर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा लॉटरी की प्रक्रिया सम्पादित कराने में आवश्यक सहयोग देंगे। देवस्थान अधिकारियों/कार्मिकों को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि वे लॉटरी के बाद चयनित एवं रिजर्व आवेदकों की सूची प्राप्त कर संबंधित सहायक आयुक्त कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे तथा एक–एक प्रति (सोफ्ट एवं हार्ड प्रति) प्रधान कार्यालय उदयपुर को भी प्रेषित करेंगे।

इस समस्त प्रक्रिया की सूचना आयुक्त देवस्थान द्वारा सभी जिला कलक्टर्स को इ–मेल से प्रेषित की गयी है तथा देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्तों को भी तदनुसार निर्देशित कर दिया गया है।

(जितेन्द्र कुमार उपाध्याय)
IAS
आयुक्त